भारत सरकार
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय
कृषि एवं किसान कल्याण विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 327
2 दिसंबर, 2025 को उत्तरार्थ

विषय: राष्ट्रीय खाद्य तेल मिशन- तिलहन

327. श्री तनुज पुनिया:

क्या कृषि और किसान कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत दो वर्षों के दौरान राष्ट्रीय खाद्य तेल मिशन- तिलहन के लिए कितना बजट आवंटित किया गया है और इस संबंध मे कितनी राशि व्यय की गई है;

(ख) उत्तर प्रदेश के बाराबंकी जिले सहित राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) मिशन के अंतर्गत कितने एफपीओ, सहकारी समितियों और उद्योग जगत को फसलोत्तर इकाइयों की स्थापना या उन्नयन के लिए सहायता प्रदान की गई हैं;और

(घ) उत्तर प्रदेश के बाराबंकी जिले सहित स्थापित और उन्नत इकाइयों का राज्य-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री (श्री रामनाथ ठाकुर)

(क) और (ख): राष्ट्रीय खाद्य तेल मिशन- तिलहन (एनएमईओ-ओएस) और पूर्ववर्ती राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन- तिलहन (एनएफएसएम–ओएस) के तहत वर्ष 2023-24 के दौरान ₹651.56 करोड़ आवंटन के मुकाबले ₹416.81 करोड़ खर्च हुए और वर्ष 2024-25 के दौरान ₹815.21 करोड़ आवंटन के मुकाबले ₹676.22 करोड़ खर्च हुए है। राज्य/यूटी-वार बजट आवंटन और व्यय की गई राशि, अनुलग्नक-। में दिया गया है।

उत्तर प्रदेश राज्य सरकार की रिपोर्ट के अनुसार, बाराबंकी ज़िले के लिए तिलहन मिशन के तहत वर्ष 2023-24 के दौरान ₹31.75 लाख के आवंटन के मुकाबले ₹11.22 लाख खर्च हुए, और वर्ष 2024-25 के दौरान ₹50.11 लाख के आवंटन के मुकाबले ₹26.58 लाख खर्च हुए है।

(ग) और (घ): अब तक एनएमईओ-ओएस के तहत कुल 193 पोस्ट-हार्वेस्ट इकाइयाँ स्वीकृत की गई हैं। राज्यवार विवरण इस प्रकार है:

राज्य	**स्वीकृत तेल मिलों की संख्या**
आंध्र प्रदेश	10
असम	56
छत्तीसगढ़	10
गुजरात	9
झारखंड	4
कर्नाटक	9
महाराष्ट्र	17
मध्य प्रदेश	11
नागालैंड	16
ओडिशा	16
राजस्थान	12
सिक्किम	10
तेलंगाना	8
उत्तर प्रदेश	3
पश्चिम बंगाल	2
कुल	**193**

अनुलग्नक-I

राष्ट्रीय खाद्य तेल मिशन - तिलहन (एनएमईओ-ओएस) और पूर्ववर्ती राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन-तिलहन (एनएफएसएम-ओएस) के अंतर्गत पिछले दो वर्षों के दौरान राज्य-वार बजट आवंटन और व्यय:

(रुपये करोड़ में)

क्र. सं.	राज्य	2023-24		2024-25	
		आवंटन	व्यय	आवंटन	व्यय
1	आंध्र प्रदेश	12.00	3.00	17.90	11.19
2	बिहार	3.00	2.25	8.14	8.14
3	छत्तीसगढ़	12.45	6.23	16.31	16.31
4	गोवा	0.02	0.00	0.02	0.01
5	गुजरात	24.62	12.31	33.75	24.93
6	हरियाणा	7.00	1.75	7.70	3.85
7	झारखंड	5.00	1.25	6.66	3.33
8	कर्नाटक	15.17	7.59	21.25	21.25
9	मध्य प्रदेश	45.80	22.90	62.50	39.38
10	महाराष्ट्र	52.02	38.72	72.57	69.44
11	ओडिशा	18.75	9.38	30.87	16.02
12	पंजाब	0.70	0.18	1.28	0.64
13	राजस्थान	71.54	17.89	82.78	41.39
14	तमिलनाडू	23.69	23.69	39.47	39.47
15	तेलंगाना	8.40	0.00	8.60	4.30
16	उत्तर प्रदेश	11.15	2.79	18.09	15.53
17	उत्तराखंड	0.75	0.38	0.85	0.53
18	पश्चिम बंगाल	41.67	36.25	32.21	19.93
19	अरुणाचल प्रदेश	4.82	2.41	6.43	3.21
20	असम	112.03	64.07	32.50	32.50
21	मणिपुर	5.40	1.50	7.25	5.43
22	मेघालय	0.54	0.27	0.54	0.34
23	मिजोरम	8.00	2.00	8.70	5.43
24	नागालैंड	7.50	7.25	10.00	10.00
25	सिक्किम	3.50	2.63	4.22	3.69
26	त्रिपुरा	5.00	2.50	6.69	4.18
27	जम्मू & कश्मीर	1.90	0.48	3.43	1.71
28	लद्दाख	0.25	0.06	0.19	0.05
29	पुडुचेरी	0.32	0.08	0.38	0.09
	कुल	**502.99**	**269.81**	**541.28**	**402.27**

*****